हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 1 अप्रैल 2026

04 अवैध गैस रिफिलिंग पर प्रशासन की बड़ी...



05 नपा परिषद की साधारण सभा में बजट पारित...





## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में शहर को महानगर जैसा स्वरूप दिया जाएगा, होंगे कई विकास कार्य

# नपा का 334 करोड़ का बजट पेश, 80 लाख की बचत के साथ शहर के विकास का प्लान तैयार

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर बोले- महानगर की तर्ज पर विकसित होगा शहर, स्टेडियम, स्वीमिंग पूल और नए पुलों की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नगर पालिका परिषद ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विकास का रोडमैप तैयार कर लिया है। मंगलवार को आयोजित बजट बैठक में 3 अरब 34 करोड़ 22 लाख रुपये का बजट पेश किया गया। इस बजट की खास बात यह रही कि विकास कार्यों पर अरबों रुपये खर्च करने के बाद भी नगर पालिका ने 80 लाख रुपये की बचत का अनुमान लगाया है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने इस बजट को केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि शहर के विकास का विजन डॉक्यूमेंट बताया है।

बजट सभापति पार्षद अजय पाल सिंह राजपूत ने परिषद के समक्ष आगामी वर्ष की कार्ययोजना पेश की। बजट में शहर के बुनियादी ढांचे, सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं पर 334 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करने का प्रावधान है। नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में शहर को महानगर जैसा स्वरूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बजट तैयार करने से पहले आम जनता और जनप्रतिनिधियों की राय ली गई थी, ताकि विकास समावेशी हो।



#### खेल प्रतिभाओं और युवाओं के लिए बड़े ऐलान

बजट में युवाओं और खिलाड़ियों का विशेष ध्यान रखा गया है। शहर में 5 करोड़ की लागत से एक आधुनिक स्टेडियम बनाया जाएगा। इसके साथ ही जिम और स्वीमिंग पूल के निर्माण को भी मंजूरी दी गई है, जिससे स्थानीय खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

#### आय-व्यय का विवरण

कुल अनुमानित आय: 3 अरब 34 करोड़ 22 लाख
कुल अनुमानित व्यय: 3 अरब 34 करोड़ 21 लाख 20 हजार
अनुमानित बचत: 80 लाख रुपये

#### बजट की 23 प्रमुख घोषणाएं

- नवीन कार्यालय भवन: 5 करोड़ (ग्रीन बिल्डिंग)
- स्मार्ट रोड व ग्रीन स्पेस: 20 करोड़ रुपये।
- नवीन बस स्टैंड: 5 करोड़ रुपये।
- ऑडिटोरियम हाल: 4 करोड़ रुपये।
- व्यापारिक कॉम्प्लेक्स: 8 करोड़ रुपये।
- नाला सुधार व सीसी रोड: करीब 40 करोड़ रुपये।
- नवीन गीता भवन: 5 करोड़ रुपये।
- स्वच्छता मिशन: कचरा प्रबंधन और नए वाहनों के लिए करोड़ों का प्रावधान।

#### सीवन नदी का कायाकल्प

सीवन नदी का जीर्णोद्धार: नदी के घाटों के निर्माण, सौंदर्यीकरण और जल निकायों के सुधार के लिए 25 करोड़ रुपये का बड़ा प्रावधान किया गया है।
पुलों का जाल: शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए कोतवाली, इंग्लिशपुरा, मछलीपुल और जमशेद नगर में 19.27 करोड़ की लागत से नए पुल बनाए जाएंगे।
अमृत योजना 2.0: पेयजल और सीवरेज लाइन बिछाने के लिए सर्वाधिक 38.70 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित



**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 38 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


### रास्ते में हुआ प्रसव, प्रसूता ने सातवीं बेटी को दिया जन्म

**सीहोर।** समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से एक महिला का प्रसव रास्ते में हो गया। महिला को प्रसव पीड़ा सोमवार को शुरू हुई। पति ने इमरजेंसी सेवा 108 पर कॉल किया। टोलफ्री नंबर लगातार व्यस्त आता रहा। महिला की हालत बिगड़ी। पति उसे बाइक से जिला अस्पताल लेकर निकला। दूसरी बाइक पर महिला की मां और छोटा भाई साथ चल रहे थे। शहर के नजदीक ग्राम बिजलौन निवासी रफीक की गर्भवती पत्नी रेशमा को ब्रह्मपुरी कॉलोनी के पास अचानक तेज दर्द हुआ। रफीक ने सड़क किनारे बाइक रोकी। उसी दौरान महिला का प्रसव हो गया। सास ने किसी तरह जच्चा और बच्चा दोनों को संभाला। रफीक ने वहां से गुजर रही डायल 112 को रोककर पूरी बात बताई। पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस को सूचना दी। इसके बाद एंबुलेंस पहुंची। जच्चा और बच्चा दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला ने बच्ची को जन्म दिया। रफीक ने बताया कि पहले से उनके छह बेटियां और एक बेटा है। सोमवार को सातवीं बेटी का जन्म हुआ। एंबुलेंस नहीं मिली, बाइक से ले गए।

# ग्राम के लोगों ने सौंपा ज्ञापन, टीआई, और पटवारी को हटाए जाने की मांग

**सीहोर।** जिले के ग्राम सेवनिया में जमीन विवाद अब गंभीर आपराधिक मामले में तब्दील हो गया है। पीड़ित किसान ने पुलिस और पटवारी पर मिलीभगत कर उसकी खरीदी गई जमीन पर जबरन कब्जा कराने का आरोप लगाया है। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत के साथ ग्रामीणों ने जनसुनवाई और एसपी को आवेदन देकर दोषियों पर कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि पीड़ित किसान पप्पू कौशल के अनुसार, उसने वर्ष 2012 में गांव के ही हनुमंत सिंह से करीब 11 लाख 75 हजार रुपये में जमीन खरीदी थी। इस सौदे के लिए विधिवत अनुबंध किया गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि पूरी राशि मिलने के बाद रजिस्ट्री कराई जाएगी। किसान का आरोप है कि पूरी रकम चुकाने के बावजूद आरोपी वर्षों तक रजिस्ट्री टालता रहा, जिससे जमीन पर उसका अधिकार अधर में लटका रहा। मामले ने 16 मार्च को उस वक्त उग्र रूप ले लिया, जब मंडी थाना टीआई और हल्का पटवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोप है कि बिना किसी वैध दस्तावेज या न्यायालयीन आदेश के खेत में सीमेंट के खंभे गाड़कर तारबंदी शुरू कर दी गई। जब पीड़ित परिवार ने इसका विरोध किया तो उनके साथ गाली-गलौज और धमकी दी गई। घटना के दौरान साक्ष्य मिटाने के भी गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित के अनुसार, बटाईदार हरिओम द्वारा बनाए जा रहे वीडियो को पुलिस ने जब्त कर डिलीट कर दिया। इतना ही नहीं, हरिओम और उसके पिता दिलीप को थाने ले जाकर कथित रूप से मारपीट की गई और घंटों तक हिरासत में रखा गया। बाद में उन्हें चेतावनी देकर छोड़ा गया। मामले से नाराज ग्रामीणों ने पहले सड़क पर प्रदर्शन किया और अब जनसुनवाई में एसडीएम तन्मय वर्मा और एसपी आफिस में एएसपी सुनीता रावत को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत और गांव के किसान पप्पू कौशल, दिलीप सिंह, लखन सिंह मेवाड़ा, बहादुर सिंह, विक्रम राठौर, राय करण, राजाराम, संतोष, प्रहलाद। दुर्गा प्रसाद, बबलू मेवाड़ा, मोर सिंह, प्रहलाद सिंह, देव सिंह सहित अनेक किसानों ने जन सुनवाई और एएसपी सुनीता रावत को ज्ञापन सौंपकर पीडित किसान को न्याय दिलाने की मांग की।किसानों ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



# बस स्टैंड के गार्डन को नुकसान पहुंचाने वालों पर नपा कार्रवाई, मालिक पर जुर्माने की तैयारी

### उद्यान की हरियाली चरने वाला घोड़ा जब्त



**सीहोर।** शहर की सुंदरता और सार्वजनिक उद्यानों की हरियाली को नुकसान पहुंचाने वाले पशु पालकों को नगर पालिका ने सबक सिखाने का मन बना लिया है। मंगलवार को नगर पालिका के अमले ने कार्रवाई करते हुए जिला मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के पास टाउनहॉल के सामने बने सुंदर उपवन से एक घोड़े को जब्त किया है। यह घोड़ा पिछले कई दिनों से उद्यान की घास और पौधों को चट कर हरियाली को बर्बाद कर रहा था।

गौरतलब है कि नगर पालिका ने यात्रियों और स्थानीय नागरिकों की सुविधा के लिए बस स्टैंड क्षेत्र में लाखों की लागत से एक विशेष उपवन विकसित किया है। यहां हरी-भरी घास, रंग-बिरंगे फूल और छायादार वृक्ष लगाए गए हैं जो सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। लेकिन कुछ समय से एक अज्ञात व्यक्ति अपने निजी स्वार्थ के लिए प्रतिदिन अपने घोड़े को इस उपवन में चरने के लिए खुला छोड़ देता था। इससे न केवल हरियाली नष्ट हो रही थी, बल्कि घोड़े द्वारा फैलाई जा रही गंदगी से राहगीर भी खासे परेशान थे।

#### जुर्माने से सिखाया जाएगा सबक

नगर पालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि घोड़े के मालिक की पहचान की जा रही है। संबंधित पशु मालिक पर मोटा जुर्माना लगाया जाएगा ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति अपने मवेशियों को इस तरह सार्वजनिक उद्यानों या पार्कों में छोड़ने की हिम्मत न करे।

#### प्रशासन की कड़ी चेतावनी

नगर पालिका प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे शहर को सुंदर और हरा-भरा बनाए रखने में सहयोग करें। यदि कोई भी पालतू पशु सार्वजनिक पार्कों, बगीचों या सडक़ के डिवाइडर पर लगी हरियाली को नुकसान पहुंचाता पाया गया तो पशु को जब्त करने के साथ-साथ मालिक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### राहगीरों की शिकायत पर कार्रवाई

सार्वजनिक संपत्ति को हो रहे इस नुकसान की शिकायत जागरूक नागरिकों और राहगीरों ने नगर पालिका से की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नपा की टीम ने मंगलवार को घेराबंदी की और मौके पर चर रहे घोड़े को पकड़ लिया। नपा कर्मी घोड़े को रस्सी से बांधकर अपने साथ ले गए और उसे सुरक्षित स्थान पर निरुद्ध किया गया है।

### जेल में किया गया 204 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीहोर जिला जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल ने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा जेल के कुल 204 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया गया।



### जिले की 47 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 31 मार्च को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 47 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई। सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे जानलेवा कैंसर है। इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा यह राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान आगामी तीन माह तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा।

# लायंस क्लब सिद्धपुर ने 200 पानी के सकोरे किए वितरित

**सीहोर।** मंगलवार को आज लायंस क्लब सिद्धपुर सीहोर के सदस्यों ने पक्षियों के लिए पानी के सकोरे (जल पात्र) वितरित किए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों और पशुओं को राहत पहुँचाना तथा समाज को जागरूक करना था कि हर व्यक्ति अपने स्तर पर इन जीवों की सहायता करे। क्लब ने नागरिकों से निवेदन किया कि वे अपने घरों, छतों और गलियों में इस पानी के बर्तन को भरकर रखें ताकि पक्षियों और छोटे जानवरों को जीवनदायी सहारा मिल सके।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर और कोतवाली टीआई रविन्द्र यादव भी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने इस पहल को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गर्मी के दिनों में करुणा और संवेदनशीलता दिखाते हुए जीव-जंतुओं की मदद करें।

लायंस क्लब के इस प्रयास ने समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया कि प्रकृति और जीवों की सेवा करना हमारी जिम्मेदारी है। यह अभियान केवल जल पात्र वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह करुणा, सहयोग और पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बन गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्य प्रभजीत अरोरा, अजय राय, कपिल जैन, डॉक्टर अभिषेक शर्मा, जयंत दसवानी के साथ साथ जितेंद्र राठौर, संजय सक्सेना, प्रदीप चावड़ा आदि मौजूद रहे।



## निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी:एसपी

# एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं जनता की समस्याएं 15 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं को संजीदगी और प्राथमिकता के साथ सुना। जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य आम जनता की उन शिकायतों का समाधान करना था, जिनका स्थानीय स्तर पर निराकरण नहीं हो पा रहा है।

बता दें प्रत्येक मंगलवार को होने वाली इस नियमित जनसुनवाई में एसपी दीपक कुमार शुक्ला खुद मौजूद रहे। उन्होंने एक-एक कर सभी शिकायतकर्ताओं से सीधा संवाद किया और उनकी आपबीती सुनी।

पुलिस अधीक्षक ने न केवल आवेदन स्वीकार किए, बल्कि कई मामलों में फरियादियों से विस्तार से चर्चा कर घटना की पूरी जानकारी ली, ताकि समस्या की जड़ तक पहुंचा जा सके।



#### 15 आवेदनों पर दिए सख्त निर्देश

मंगलवार को आयोजित इस जनसुनवाई में कुल 15 शिकायतकर्ता अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। प्राप्त शिकायतों में जमीन संबंधी विवाद, आपसी रंजिश और पुलिस जांच में देरी जैसे मामले शामिल थे। एसपी ने इन सभी 15 शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित थानों और राजपत्रित अधिकारियों को फोन कर या लिखित निर्देश देकर मामले की जांच करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निराकरण पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। प्राप्त आवेदनों पर समय सीमा के भीतर निष्पक्ष जांच की जाए और पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाया जाए।

#### त्वरित निराकरण पर दिया जोर

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाले नागरिकों को बार-बार चक्कर न काटना पड़े। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग का उद्देश्य पीड़ित की समस्या का त्वरित समाधान करना है। शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्राप्त आवेदनों के दस्तावेजीकरण और संबंधित विभागों को भेजने की प्रक्रिया पूरी की।

### वृंदावन ग्राम योजना व जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की जिपं सीईओ ने की समीक्षा

**सीहोर।** जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वृंदावन ग्राम योजना एवं जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों ने वीसी में भाग लिया और अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की।

समीक्षा के दौरान सीईओ सर्जना यादव ने योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति का गहन मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। सीईओ ने विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा करते हुए कहा कि इन प्रस्तावों को विजन डॉक्यूमेंट में शामिल किया जाएगा, जिससे योजनाओं को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाया जा सके। उन्होंने विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। सीईओ ने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण की गतिविधायों से अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ने के लिये कहा।

## खबर संक्षेप



### महावीर जन्म कल्याणक पूरी श्रद्धा से मनाया

**रेहटी।** महावीर जन्म कल्याणक का उत्सव नगर में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस विशेष दिन भक्त जनो द्वारा नगर में शोभा यात्रा निकाली गईं। भगवान की विशेष आगी संरचना की गई। विश्व शांति हेतू मंदिर प्रांगण में शांति स्नात्र पूजा का आयोजन किया गया एवं साय काल भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा में राजेंद्र झाबक, सुरेश जैन,प्रभात कोठारी, अरविंद कोठारी, मनोज झाबक, पंकज कोठारी, सौरभ बाफना, पिंकू कोठारी, आदि बड़ी संख्या समाजजन सम्मिलित हुए।

### खेड़ापति सरकार का होगा आकर्षक श्रृंगार

**देवास।** समस्त श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। मंदिर पुजारी दर्शन उपाध्याय ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी आयोजन को विशेष और आकर्षक बनाने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व मंदिर को आकर्षक विद्युत साज-सज्जा से सजाया जाएगा।

### एसडीएम सुधीर कुशवाह बोले: इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी

# अवैध गैस रिफिलिंग पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई 12 घरेलू सिलेंडर जब्त, संचालक पर केस दर्ज

प्रशासन द्वारा गठित राजस्व विभाग, खाद्य विभाग कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न दुकानों, रेस्टोरेंट और कीटनाशक विक्रेताओं पर अचानक दबिश दी।





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

घरेलू एलपीजी गैस के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को भैरूंदा नगर में संयुक्त जांच दल ने औचक निरीक्षण के दौरान अवैध गैस रिफिलिंग पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 12 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए और संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई जिला कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम सुधीर कुशवाह के मार्गदर्शन में तहसीलदार सौरभ शर्मा के नेतृत्व में की गई।

प्रशासन द्वारा गठित राजस्व विभाग, खाद्य विभाग कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न दुकानों, रेस्टोरेंट और कीटनाशक विक्रेताओं पर अचानक दबिश दी। निरीक्षण के दौरान दुर्गा चौक के पास प्रभात ऑटो पार्ट्स पर गंभीर अनियमितता सामने आई, जहां संचालक जाकिर अली घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से रिफिलिंग करता पाया गया। मौके पर भारत गैस, इंडेन सहित अन्य कंपनियों के कुल 12 घरेलू सिलेंडर बरामद हुए, जिनका उपयोग व्यावसायिक कार्यों में किया जा रहा था। तहसीलदार सौरभ शर्मा और खाद्य विभाग के अधिकारी प्रकाशचंद यादव ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया। बाद में इन्हें भारत गैस एजेंसी भैरूंदा की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया। जब्त सिलेंडरों में 14.2 किलोग्राम और 5 किलोग्राम क्षमता वाले सिलेंडर शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था, जो नियमों का सीधा उल्लंघन है। प्रकरण में "द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय और वितरण विनियमन) आदेश 2000" के तहत संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, इस प्रकार की अवैध रिफिलिंग न केवल गैरकानूनी है, बल्कि इससे आगजनी और विस्फोट जैसी गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। संयुक्त जांच दल ने कार्रवाई के दौरान नगर के श्रद्धा, गोकुलधाम और साईं सेलिब्रेशन रेस्टोरेंट सहित कई अन्य प्रतिष्ठानों की भी जांच की। इन स्थानों पर किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई।

### कीटनाशक दुकानों का भी किया निरीक्षण

इसके अलावा रावल ट्रेड्स नामक कीटनाशक दुकान का भी निरीक्षण किया गया, लेकिन पोर्टल अपडेट नहीं होने के कारण रिकॉर्ड का सत्यापन नहीं हो सका। कार्रवाई में तहसीलदार सौरभ शर्मा खाद्य विभाग से प्रकाशचंद यादव, कृषि विस्तार अधिकारी बी एस राज, नगर के पटवारी राजेश धनवारे सहित खाद्य विभाग, कृषि विभाग और राजस्व अमले के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने बताया कि जिला कलेक्टर के आदेशानुसार जांच दल का गठन कर नगर में औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध रूप से व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर 12 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। साथ ही अन्य प्रतिष्ठानों की भी जांच की गई, जहां कोई अनियमितता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। वहीं नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही करें। अवैध रिफिलिंग और दुरुपयोग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे जनहानि का खतरा भी बढ़ जाता है।

## स्कूलों में आज से नया शिक्षा सत्र शुरू, नवप्रवेशियों का तिलक लगाकर किया जाएगा स्वागत

### स्कूलों में होगा प्रवेश उत्सवः बीईओ व बीआरसी ने मैदानी अमले को दिए दिशा निर्देश



**इछावर ।** बुधवार 1 अप्रैल से सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में नया शिक्षा सत्र शुरू हो रहा है। पहले दिन स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। स्कूल आने वाले विद्यार्थियों विशेषकर नव प्रवेशी छात्र - छात्राओं का तिलक लगाकर एवं पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया जाएगा। बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें वितरित की जाएगी। सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रम भी होंगे। स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल की विशेष साफ सफाई कराने के साथ ही सभी अनिवार्य इंतजाम किए जा चुके है।

इसको लेकर पिछले दिनों संकुल स्तरों पर बैठक आयोजित कर बीईओ एम एस नेटी और बीआरसी सुभाष चन्द्र दुबे द्वारा मैदानी अमले को निर्देश दिए जा चुके है। अधिकारियों कहा कि स्कूलों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कराई जाएं। शिक्षकों को बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित करना होगा। चार अप्रैल को पालकों की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें अभिभावकों से नामांकन , उपस्थिति और पढ़ाई को लेकर चर्चा होगी। पहले दिन जनपद शिक्षा केंद्र के सभी प्रायमरी और मिडिल स्कूलों में बालसभा होगी। प्रवेश उत्सव के दिन बच्चों को विशेष मध्यान्ह भोजन ( खीर , पूड़ी , सब्जी ) परोसा जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा पहली में उन्हीं बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा जिनकी उम्र 6 वर्ष पूरी हो चुकी है। कक्षा 2 से 8 तक के छात्रों का नामांकन स्वतः होगा। कक्षा 6 व 9 में प्रवेश के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक निकटतम स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करेंगे।

## भगवान महावीर जैन समाज के ही नहीं सर्वसमाज के लिए है पूजनीयः सुदेश राय



**सीहोर।** भगवान महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में मंगलवार को गल्लामंड़ी स्थित शांतिनाथ जैन मंदिर में श्वेताम्वर जैन समाज के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए। विधायक सुदेश राय ने भगवान महावीर के समक्ष विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना कर समाजजनों के मध्य कहा कि भगवान महावीर केवल जैन समाज ही नही सर्वसमाज के लिए पूजनीय है। उन्होने कहा कि भगवान महावीर ने हमें अहिंसा परमोधर्म का संदेश दिया है जैन समाज आज भी अहिंसा के साथ प्रगति कर रहा है। श्वेताम्वर जैन समाज के संत कठौर तपस्या करते है जैन संत सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

विधायक राय ने कहा कि आप ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उस को निभाना ही कर्तव्य है शहर विकास में हम निरंतर आप के सहयोग से कार्य कर रह है। विधायक राय ने शहर में सोमवार को निकाले गए भगवान महावीर जयंती चल समारोह में सम्मिलित होकर जैन समाजजनों को बधाई शुभकामनाऐं दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्वेताम्वर जैन समाजजन सम्मिलित रहे।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई महावीर जयंती चल समारोह में गूंजे जयघोष



**सीहोर।** मण्डी क्षेत्र स्थित श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयंती) श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां विशेष पूजन-अर्चन और मनमोहक सजावट की गई थी।

महोत्सव का मुख्य आकर्षण सुबह 10 बजे निकाला गया चल समारोह रहा। भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को आकर्षक पालकी में विराजित किया गया था। यह चल समारोह मण्डी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करता हुआ पुनः मंदिर परिसर पहुंचा। समारोह के दौरान पूरा मार्ग त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। पुरुष श्रद्धालु जयकारे लगा रहे थे, वहीं केसरिया और लाल परिधानों में सजी महिला श्रद्धालु भक्ति गीतों पर डांडिया नृत्य करते हुए चल रही थीं। खास बात यह है कि चल समारोह में केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समाजों के श्रद्धालुजन भी शामिल हुए और धर्मलाभ उठाया।

मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र, उनके सिद्धांतों और जियो और जीने दो के संदेश पर सुंदर प्रस्तुति दी। बच्चों के माध्यम से भगवान के त्याग और तपस्या के वर्णन ने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।इससे पूर्व सुबह मंदिर में विशेष अभिषेक और शांतिधारा की गई। मंदिर को फूलों से सजाया गया। कार्यक्रम के अंत में समाज के वरिष्ठ जनों ने सभी का आभार व्यक्त किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्वेताम्बर जैन समाज के पुरुषए महिलाएं और युवा शामिल हुए।

इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार, अनिल पालीवाल, रमेश रात्रे एवं पार्षद प्रतिनिधि दिलीप राठौर उपस्थित रहे। समाजजनों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। विधायक सुदेश राय ने अपने संबोधन में भगवान महावीर के सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज में शांति स्थापित की जा सकती है। उन्होंने जैन समाज को इस भव्य आयोजन की बधाई देते हुए भगवान महावीर के चरणों में नमन किया।

## व्यवस्थाओं की कमी से चना-मसूर खरीदी ठप, गेहूं खरीदी 10 अप्रैल से होगी शुरू



**भैरूंदा।** समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज खरीदी को लेकर जिले में पहले ही दिन अव्यवस्थाएं हावी रहीं। सोमवार से शुरू होने वाली चना और मसूर की खरीदी कई केंद्रों पर शुरू ही नहीं हो सकी, जबकि कुछ स्थानों पर केवल औपचारिक रूप से कांटा पूजन कर शुभारंभ किया गया। पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं होने के कारण खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पटरी पर नहीं आ पाई। इधर, गेहूं खरीदी की तिथि भी 10 दिन आगे बढ़ा दी गई है, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। अब भोपाल संभाग में गेहूं की खरीदी 1 अप्रैल के बजाय 10 अप्रैल से शुरू होगी।

खाद, नागरिक एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार खरीदी तिथियों में संशोधन किया गया है। हालांकि सरकार ने तिथि बढ़ाने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया है, लेकिन इसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। खासकर छोटे किसान, जो समय पर भुगतान की उम्मीद में थे, अब आर्थिक दबाव में आ सकते हैं।पहले दिन सुस्त रही खरीदी, स्लॉट बुकिंग भी कम जिले में चना और मसूर खरीदी के लिए पहले दिन उत्साह नजर नहीं आया। भैरूंदा क्षेत्र में केवल दो किसानों ने ही चना बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग कराई। पूरे जिले में इस बार चना के लिए 8356 और मसूर के लिए 3229 किसानों ने पंजीयन कराया है, लेकिन व्यवस्थाओं के अभाव में खरीदी की गति धीमी बनी हुई है।

**सर्वेयर नियुक्ति में देरी बनी बड़ी बाधा** :खरीदी शुरू होने से पहले ही कलेक्टर द्वारा सर्वेयर नियुक्त करने और उन्हें प्रशिक्षण देने के निर्देश जारी किए गए थे, लेकिन सोमवार तक अधिकांश केंद्रों पर सर्वेयर की नियुक्ति नहीं हो सकी। इसके चलते खरीदी प्रक्रिया प्रभावित हुई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी।

### पंजीयन में भैरूंदा आगे, कई क्षेत्रों में असमान भागीदारी

पंजीयन के आंकड़ों पर नजर डालें तो भैरूंदा क्षेत्र में चना के सबसे अधिक 2167 किसानों ने पंजीयन कराया है, जबकि मसूर में यहां केवल 11 किसान ही सामने आए हैं। आष्टा, इछावर और बुधनी जैसे क्षेत्रों में भी किसानों की अच्छी भागीदारी रही है। वहीं रेहटी क्षेत्र में मसूर के लिए एक भी किसान ने पंजीयन नहीं कराया, जो चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है।

### गेहूं खरीदी में देरी से बढ़ेगी परेशानी

गेहूं खरीदी की तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ने से किसानों को भुगतान में भी देरी का सामना करना पड़ेगा। पहले उम्मीद थी कि अप्रैल के पहले सप्ताह में खरीदी शुरू होने के बाद जल्दी भुगतान मिल जाएगा, लेकिन अब यह प्रक्रिया 20 अप्रैल के बाद ही संभव हो पाएगी। ऐसे में अक्षय तृतीया जैसे मांगलिक अवसरों के चलते जिन किसानों के यहां विवाह समारोह हैं, उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ सकता है।

### एफएक्यू गुणवत्ता पर ही खरीदी, मशीनें अनिवार्य

इस बार प्रशासन खरीदी को लेकर सख्त नजर आ रहा है। निर्देश दिए गए हैं कि केवल एफएक्यू (Fair Average Quality) गुणवत्ता का चना ही खरीदा जाएगा। यदि कोई किसान नॉन-एफएक्यू उपज लाता है तो उसे अलग दर्ज कर गुणवत्ता सुधार के लिए समझाइश दी जाएगी।

इसके साथ ही सभी खरीदी केंद्रों पर क्लीनिंग-ग्रेडिंग मशीन, मॉयश्चर मीटर, टेस्टिंग किट, छत्रा और पंखे जैसी सुविधाएं अनिवार्य की गई हैं।तौल व्यवस्था को भी मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए हैं। सभी कांटों का सत्यापन नापतौल विभाग से कराना होगा और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त तौल कांटे भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जिले में कुल सात खरीदी केंद्र बनाए गए हैं, जहां इन व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

### माता-पिता की स्मृति में 20,000 की सहयोग राशि प्रदान की है

# संस्कार केंद्रों के लिए बढ़ा सहयोगः नपा अध्यक्ष सहित समाजसेवियों ने बच्चों को लिया गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मारुति शिशिर ने सिद्धपुर सेवा भारती संग्रह निधि अभियान के तहत सबरी बस्ती स्थित देवी अहिल्याबाई शिक्षा संस्कार केंद्र के बच्चों को पुनः एक वर्ष के लिए गोद लिया है। उन्होंने अपने पूज्य माता-पिता की स्मृति में केंद्र के संचालन हेतु ₹20,000 की सहयोग राशि प्रदान की है। इस पहल से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और संस्कार से जोड़ने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। इसी कड़ी में सेवा भारती के सेवा निधि संग्रह अभियान के अंतर्गत संतोष वर्मा (मां दुर्गा ज्वैलर्स) ने भी समाजसेवा की मिसाल पेश की है। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता नर्मदा प्रसाद वर्मा की स्मृति में केशव बस्ती स्थित वाल्मीकि शिक्षा संस्कार केंद्र के बच्चों को एक वर्ष के लिए गोद लिया है। केंद्र के संचालन में सहयोग के रूप में उन्होंने भी ₹20,000 की राशि सेवा भारती को सौंपी है।

इस अवसर पर सिद्धपुर सेवा भारती समिति, सीहोर द्वारा दोनों समाजसेवियों के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। समिति का कहना है कि ऐसे प्रयासों से समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा और संस्कार मिलते हैं, जिससे उनका भविष्य उज्जवल बनता है।

## शाह सतनाम स्कूल का नया फरमान पत्रकार की बेटी है, इसलिए स्कूल में नहीं रखेंगे





**बुधनी।** पिछले सत्र में करीबी ग्राम जोशीपुर की दलित छात्रा देवशिखा को फीस के अभाव में परीक्षा से वंचित करने के बाद अब शाह सतनाम स्कूल ने नया फरमान जारी किया है। जिसमें अब पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के बच्चों को स्कूल से निकाले जाने की बात कही गई है। हालांकि देवशिखा मामले में लंबी खींचतान के बाद जांच कमेटी ने स्कूल को क्लीन चिट दे दी थी वहीं कुछ दिनों बाद संस्था का नाम शाह सतनाम गर्ल्स स्कूल से बदलकर एमएसजी हाईटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल कर दिया गया।

फिलहाल नया मामला कुछ इस प्रकार बताया गया है। एक निजी चैनल में संवाददाता महेंद्र चौहान की बेटी वेदिका उम्र 06वर्ष इसी स्कूल में केजी टू की छात्रा है जब वह 30मार्च को अपनी बेटी का रिज़ल्ट लेने शाह सतनाम स्कूल गए तो वहां की प्राचार्या अमनदीप कौर ने उनका मोबाइल फोन गेट पर रखवा लिया जबकि अन्य परिजनों को मोबाइल अंदर ले जाने की अनुमति दी गई। जब इस मामले को लेकर महेंद्र चौहान ने प्राचार्या अमनदीप से बात की तो उन्होंने कहा की आप पत्रकार हैं इसलिए हम आप की बच्ची को नहीं पढ़ा सकते। जब चौहान ने कहा कि आप यह बात हमें लिखकर दे दीजिए इस पर प्राचार्या ने कहा कि यदि हमने यह बात टीसी पर लिख दी तो बच्ची का भविष्य खराब हो जाएगा यहां पर आठवीं पड़े लोग भी पत्रकार बनकर धौंस दिखाने आते हैं। मामले को लेकर पीड़ित महेंद्र चौहान ने बीईओ शशि सिंह, बीआरसी मणिशंकर शर्मा को लिखित शिकायत की है साथ ही जिला कलेक्टर एसडीएम एवं जिला शिक्षा अधिकारी को भी सूचनार्थ पत्र भेजा है। वहीं प्राचार्या अमनदीप द्वारा दिए गए वक्तव्य की ऑडियो कॉपी भी दी गई है। इस मामले में बीआरसी मणिशंकर शर्मा ने बताया कि हमें आवेदन प्राप्त हुआ है, जिस पर स्कूल को नोटिस भेज कर जवाब मांगा जा रहा है।

### राजगढ़ पुलिस ने 25 को ही हटा ली थी अपनी पुलिस चौकी एवं सुरक्षा व्यवस्था

# बगैर वक्फ बोर्ड की अनुमति 25 मार्च के बाद भी चलता रहा सालाना उर्स




कार्यालय वक़्फ दरगाह हज़रत बाबा बदख्शानी र.अ.
जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.
112 वां उर्स मुबारक 2026 115 वां उर्स-ए-आज़म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय स्थित बाबा बदख्सानी पर इस साल लगे 112वें सालाना उर्स ने कई तरह के सवालात खड़े कर दिए हैं। मध्यप्रदेश शासन के अधीन आने वाले वक्फ बोर्ड भोपाल ने इस उर्स के संचालन की अनुमति सिर्फ 25 मार्च तक के लिए दी थी इसके बावजूद दरगाह कमेटी ने मनमानी करते हुए उर्स का संचालन 30 मार्च की रात्रि तक जारी रखा। दरगाह कमेटी द्वारा राजगढ़ प्रशासन एवं आमजनों को उर्स का जो प्रोग्राम उपलब्ध करवाया गया था उसके अनुसार उर्स की मियाद 25 मार्च तय की गई थी। इसके बावजूद टेंट, लाइट, जगह स्थान की अनुमति कमेटी द्वारा लिखित या अलिखित रूप से दुकानदारों को दे दी गई।

हरिभूमि टीम ने जब रविवार रात्रि उर्स क्षेत्र का दौरा किया तो अनेकों दुकानें वहां सजी हुई पाई गईं। इसके साथ ही टैंट, लाइट का ठेका जिस व्यक्ति को 25 मार्च तक के लिए दिया गया था उसने भी 29 मार्च की रात्रि तक ठेके को चालू रखा। इसमें कहीं न कहीं कमेटी की भूमिका संदेहास्पद नजर आ रही है।

#### कोई घटना हुई तो कौन होगा जिम्मेदार

29 मार्च की दोपहर से रात्रि तक अनेकों दोपहिया वाहन दरगाह क्षेत्र में दौड़ते नजर आए। जबकि, पुलिस प्रशासन ने अपनी पुलिस चौकी सहित सुरक्षा के सभी इंतेजामात पूरी तरह इसलिए वापस ले लिए थे क्योंकि अनुमति सिर्फ 25 मार्च तक के लिए मांगी गई थी।

#### सदर की जगह बेटा कर रहा काम

सालाना उर्स के ठीक पहले वक्फ बोर्ड ने कमेटी को भंग कर नई कमेटी बनाते हुए सदर की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद इलियास सिद्धिकी को सौंपी थी। तत्कालीन सदर मोहम्मद शफीम गामा से उसी दिन चार्ज ले लिया गया और संपूर्ण जिम्मेदारी नई कमेटी द्वारा सम्हाल ली गई थी। कमेटी द्वारा छपवाए/प्रकाशित करवाए गए पर्चे में जिन सदर का नंबर उल्लेखत किया गया है उनकी जगह उनके बेटे अनस द्वारा बातचीत की जाती पाई गई।

#### रिसवी नहीं किया फोन

हरिभूमि ने इस संबंध में जब कमेटी द्वारा छपवाए गए सदर के नंबर पर कॉल लगाकर पांच दिनों तक उर्स का संचालन क्यों जारी रखा गया, इस बारे में पूछताछ करना चाही तो उस नंबर से कोई जवाब नहीं दिया गया। इधर, राजगढ़ नगर के नागरिकों का कहना है इस पूरी कतिथ अनियमितता को वक्फ बोर्ड भोपाल तक पहुंचाकर मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री सहित अन्य सुसंगत स्थानों पर पूरे मामले की शिकायत की जाएगी। इसके साथ ही आरटीआई अधिनियम के जरिए 112वें सालाना उर्स में हुए सभी तरह के खर्च, आवक, समूचे टैंडरों की प्रमाणित प्रतियां भी वक्फ बोर्ड भोपाल से तलब की जाएंगी।

#### इनका कहना है

मैं उर्स की व्यवस्थाओं में व्यस्त हूं। आप बाद में बात कर लीजिएगा।

अनस पिता मो. इलियास सिद्धिकी (पुत्र सदर, दरगाह कमेटी) राजगढ़।

# नपा परिषद की साधारण सभा में बजट पारित, 52332 रुपए की दिखाई बचत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद की साधारण सभा बैठक सोमवार को अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। खास बात यह रही कि इस बजट में 52,332 रुपये की बचत दर्शाई गई तथा किसी भी नए कर का प्रस्ताव नहीं रखा गया। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे ने बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस साल की कुल प्रस्तावित आय 1,42,58,10,224 रुपये तथा कुल प्रस्तावित व्यय 1,42,57,57,892 रुपये रखा गया है। इस प्रकार कुल 52,332 रुपये की बचत का बजट परिषद द्वारा अनुमोदित किया गया।

#### आय की प्रमुख स्त्रोत

बजट में आय के प्रमुख स्त्रोतों में शासन से प्राप्त चुंगी क्षतिपूर्ति, यात्रीकर क्षतिपूर्ति, विभिन्न अनुदान, विशेष निधि, अमृत 2.0 योजना, कायाकल्प अभियान, स्वच्छ भारत मिशन एवं स्थानीय कर जैसे संपत्तिकर और समेकित कर शामिल हैं।

#### व्यय के प्रमुख मद

प्रस्तावित व्यय में कर्मचारियों के वेतन-भत्ते, नगर के वाहनों के डीजल व संधारण, तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाएंकृसड़क, नाली, बिजली, पेयजल और साफ-सफाई शामिल हैं। इसके अलावा नगर सौंदर्यीकरण के तहत पार्क निर्माण, बस स्टैंड विकास, सड़कों का डामरीकरण, नवीन बस स्टैंड निर्माण, यात्री प्रतीक्षालय, सिंहस्थ से संबंधित व्यवस्थाएं और ऑडिटोरियम निर्माण को भी बजट में स्थान दिया गया है।

#### विशेष प्रावधान और विकास कार्य

अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने बताया कि बजट में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए "गीता भवन" स्थापना, ऑडिटोरियम निर्माण तथा वर्ष 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेले के मद्देनजर एबी रोड बायपास पर यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय निर्माण जैसे कार्य शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही नगर विकास के अंतर्गत कपिलेश्वर लोक निर्माण, शीलनाथ जी धूना स्थल पर घाट, पार्क, भवन एवं सड़क निर्माण कार्य भी प्रस्तावित हैं। इस दौरान उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा सहित पार्षदगण और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी के आरोप में एक ही परिवार के दो पक्ष भिड़े, 14 घायल 2 की हालात गंभीर



**सारंगपुर।** लीमा चौहान थानांतर्गत ग्राम भ्याना में सोमवार को विद्युत ट्रांसफार्मर से बिजली जोड़ने को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि वह खूनी संघर्ष में बदल गया। चचेरे रिश्तेदार राठौर परिवार के दोनों पक्षों के बीच हुई इस झड़प में 14 लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक गांव में एक निजी विद्युत ट्रांसफार्मर से दूसरे पक्ष द्वारा कथित रूप से अवैध रूप से बिजली कनेक्शन जोड़ लिया गया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया और दोनों और से लाठियां, डंडे और लात-घूंसे चलने लगे। कुछ ही देर में मामला खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही लीमाचैहान थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। जहा डॉ. अभिलाषा चैधरी द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों ने दो घायलों की हालत गंभीर पाई, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल शाजापुर रेफर किया गया है। शेष घायलों का इलाज सारंगपुर में ही जारी है। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति बनी रही, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से हालात नियंत्रण में हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही मारपीट और अवैध बिजली कनेक्शन के संबंध में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

#### विवाद में यह लोग हुए घायल

बिजली कनेक्शन जोड़ने के मामले में पहले पक्ष से जयराम राठौर, दीपक राठौर, पियूष राठौर, रवि राठौर, राहुल राठौर, ललता बाई घायल हुए, वहीं दूसरे पक्ष से देवकरण राठौर, संतोष राठौर, गोविंद राठौर, गिरिराज राठौर, गोकल बाई राठौर, कन्हैया लाल राठौर गंगाधर राठौर, रामविलास राठौर घालय हुए हैं।

## राजगढ़ की शिक्षिका आपदा प्रबंधन के लिए सम्मानित



राजगढ़। जिले के कालीपीठ संकुल के तहत आ रहा घोघरिया कला प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका मनीषा व्यास को आपदा प्रबंधन के लिए सम्मानित किया गया है। मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान आयोजित में दिवसीय "भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम" एवं "ध्वस्त ढांचा एवं खोज व बचाव" विषयक प्रशिक्षण पर अपने विचारों और बच्चों को इस विषय पर समझाने के लिए मनीषा सम्मानित की गईं। उक्त पांच दिवसीय आयोजन 26 मार्च से 30 मार्च 2026 तक पॉलिटेक्निक कॉलेज, राजगढ़ में किया गया था। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें एवं अंतिम शिक्षिका इस सम्मान से नवाजी गई। इस सम्पूर्ण आयोजन में महाविद्यालय, पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, होमगार्ड, एसडीईआरएफ, निजी विद्यालयों, सिविल डिफेंस वालंटियर्स एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। होमगार्ड डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट डीआर वर्मा ने पूरे आयोजन की रूपरेखा तैयार की थी अंत में पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न किस्मों के पौधे रौपकर उनके बचाव का संकल्प लिया गया।

# करंट की चपेट में आने से कानरखेड़ी के युवक की भोपाल में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

ग्राम कानरखेड़ी निवासी एक युवक की भोपाल में काम के दौरान करंट लगने से असामयिक मृत्यु का मामला सामने आया है। मृतक सोनू वर्मा पिता स्व. पूरन हरिजन जो भोपाल में मिस्त्री का कार्य कर अपने परिवार की जीविका चला रहा था। सोमवार को हुई इस घटना के बाद परिजनों में शोक छाया हुआ है।



मृतक के परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोनू सोमवार दोपहर एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर वह काम कर रहा था, वहां फर्श पर पानी भरा हुआ था। इसी दौरान किसी मशीन का बिजली का तार पानी में गिर जाने से वहां करंट फैल गया। परिजनों का कहना है कि सोनू इस खतरे से अनजान था और जैसे ही वह उस पानी के संपर्क में आया, उसे जोरदार झटका लगा। परिजनों के मुताबिक, जिस समय यह हादसा हुआ, सोनू वहां अकेला था। जब काफी देर बाद उसका साथी वहां पहुंचा, तब तक सोनू दम तोड़ चुका था। आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन भोपाल पहुंचे और मृतक को भोपाल हमीदिया अस्पताल ले जाया गया। खबर लिखे जाने तक मामले में पुलिस की कार्रवाई और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शेष है। परिजनों के अनुसार, वे इस मामले में उचित जांच की मांग कर रहे हैं ताकि हादसे के सही कारणों का पता चल सके।

## वाहन सहित सागौन की लकड़ी जब्त की

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के वन विभाग ने अवैध सागौन परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित लकड़ी जब्त की है। वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव एवं उपवनमंडल अधिकारी हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन तथा परिक्षेत्र अधिकारी मुस्कान शिवहरे के निर्देशन में 28 मार्च को मुखबिर सूचना पर टीम ने एनएच-146 पर घेराबंदी की। देर रात ग्राम मानौरा पुलिया चौक पर संदिग्ध वाहन पकड़ा गया। चालक दीपक प्रजापति से पूछताछ में अवैध परिवहन की पुष्टि हुई। जांच में अजय विश्वकर्मा को भी तलब किया गया, जिसने लकड़ी ग्राम काप में रघुवीर के घर पहुंचाने की बात स्वीकार की। टीम ने मौके से 12 नग सागौन चरपट व संदिग्ध बिल जब्त किया। प्रकरण में वन अपराध दर्ज कर कार्रवाई जारी है।

# उड़न दस्ता टीम की कार्रवाई, अवैध लकड़ी परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली किए जब्त

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम धमंदा क्षेत्र में रविवार शाम वन विभाग के उड़न दस्ता दल ने कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी परिवहन कर रहे दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। जानकारी के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर उड़न दस्ता टीम पेट्रोलिंग पर थी।

इसी दौरान छपरा से सारंगपुर की ओर पाडल्या माता क्षेत्र में लकड़ी से भरे दो ट्रैक्टर आते दिखाई दिए। टीम ने वाहनों को रोककर चालकों से पूछताछ की। पूछताछ में चालकों ने अपना नाम जमील अंसारी पिता अंसार खां एवं सरफराज पिता अब्दुल गफ्फार, निवासी सारंगपुर बताया। जांच के दौरान दोनों के पास लकड़ी परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। इसके बाद टीम ने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 42 ए 3627 एवं एमपी 46 ए 5970 को लकड़ी सहित जब्त कर लिया। जब्त वाहनों को पुलिस थाना लिमाचैहान की अभिरक्षा में रखा गया है। वन विभाग ने अभिवहन वनोपज नियम 2022 के तहत वन अपराध का प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में वन मंडल अधिकारी बेनी प्रसाद दौतानिया एवं उपवन अधिकारी दिनेश यादव के निर्देशन में उड़न दस्ता प्रभारी डी.के. भिलाला, वाहन चालक जितेंद्र सिंह तंवर, सुमेर सिंह गुर्जर, चैकीदार बनेसिंह और महेश सहित अन्य कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।




# पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने आमजन से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने रविवार शाम बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सतनपुर में जनसंवाद चौपाल का आयोजन किया।

इस पहल के तहत उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना। भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण बनाने पर जोरचौपाल का मुख्य उद्देश्य जिले में भयमुक्त, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना था। एसपी वासल ने उपस्थित महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों से संवाद करते हुए नए आपराधिक कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023), पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल मजदूरी अधिनियम 1986, सड़क सुरक्षा, नशामुक्ति और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में अभिभावकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने लोगों को छेड़छाड़ या उत्पीड़न की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। सड़क सुरक्षा, हेल्पलाइन और बच्चों को प्रेरित करनाएसपी वासल ने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग का महत्व बताया और नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1091, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, पुलिस हेल्पलाइन 112 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने आईपीएस बनने और पुलिस सेवा से जुड़े प्रश्न पूछे। एसपी वासल ने मेहनत, अनुशासन और लगातार प्रयास को सफलता की कुंजी बताते हुए उन्हें प्रेरित किया।सकारात्मक माहौल और पुलिस-जन विश्वासग्राम पंचायत सतनपुर के प्रतिनिधि जितेंद्र तोमर, ग्राम पंचायत छिपोन के सरपंच संजेव धाकड़, चुराई के सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एसपी वासल का पुष्पगुच्छ और पुष्पमाला से स्वागत किया।



# मौसम बदला: तेज हवा के साथ आधा घंटे बारिश, आसपास क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। दोपहर बाद आसमान में काले बादल छा गए और शाम 6 बजे देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ करीब आधे घंटे तक जोरदार बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से जनजीवन प्रभावित हुआ और लोगों को गर्मी से थोड़े-बहुत राहत मिली। बारिश से पहले चली तेज आंधी के कारण कई स्थानों पर धूल का गुबार छा गया, जिससे दृश्यता भी कम हो गई।

तेज हवाओं के चलते कुछ जगहों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं, हालांकि किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं मिली है। नगर के आसपास के ग्राम मानपुरा, साहूखेड़ी क्षेत्रों से ओलावृष्टि की भी खबरें सामने आई हैं। किसानों के अनुसार कुछ गांवों में हल्की से मध्यम ओले गिरने से खड़ी फसलों को आंशिक नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। विशेष रूप से गेहूं और सब्जी फसलों पर इसका असर पड़ सकता है। अचानक हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया। वहीं, लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। शाम के समय सड़कों पर पानी भर जाने से कुछ देर के लिए आवागमन भी प्रभावित हुआ। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है। नागरिकों को सतर्क रहने और तेज हवाओं के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।





### समाज के पदाधिकारियों ने सत्य, अहिंसा की राह पर चलने का दिया संदेश


# महावीर स्वामी के जन्मकल्याणक पर निकाला चल समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सकल जैन समाज द्वारा भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा श्री पाष्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ हुई, जो सदर बाजार, महाकाल चौराहा, गांधी चैक, महावीर मार्ग होते हुए महावीर दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंची। वहां पर श्रीजी के अभिषेक हुए उसके बाद जैन युवा मंच द्वारा अतिथियों का ठंडाई से स्वागत किया गया। वहां से चल समारोह पुनः शुरू हुई जो की त्रिपोलिया बाजार, अंबे माता मंदिर, पटवा बाडी, जामा मस्जिद चैराहा होता हुआ पुन श्री पाशर्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर पहुंचा। सोधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य पारस जैन एवं मनोज जैन पांदा को प्राप्त हुआ। श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर भगवान महावीर के अभिषेक एवं पूजा अर्चना की गई, उसके पश्चात प्रभावना का वितरण किया गया। चल समारोह में बैंड ने सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई। बैंड की प्रस्तुति पर जैन युवा मंच, सकल जैन समाज के पदाधिकारी एवं समाजजन ने नृत्य कर भक्ति की गई। इस अवसर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल,नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, सकल जैन समाज अध्यक्ष नरेंद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष निर्मल जैन, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

## वर्धमान के जन्मोत्सव पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा जैनालय में पूरे दिन चले विभिन्न आयोजन



**राजगढ़।** भारत के बिहार राज्य में जन्मे वर्धमान जो आगे जाकर अहिंसा को आगे बढ़ाने वाले देव तुल्य बनकर भगवान महावीर कहलाए उनका जन्मोत्सव जैन समाज द्वारा धूमधाम एवं विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर जैन समाज सहित अन्य नागरिकगणों द्वारा गुरुवार प्रातः राजगढ़ मुख्यालय पर एक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। जिनालय से आरंभ हुई यह शोभायात्रा नगर की पीटी कंपनी, कोतवाली क्षेत्र, रानी लक्ष्मी चौराहा, मेन मार्केट, तुल्ली चैक, किला, पुरा क्षेत्र होते हुए पुनः जिनालय पहुंचकर समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चे भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा भी शोभायात्रा में सम्मिलित हुए एवं भगवान का आर्शिवचन लिया। शोभायात्रा के समापन उपरान्त जिनालय में पूरे दिवस विभिन्न तरह के धार्मिक आयोजन चलते रहे। समाज के पदाधिकारियों ने बच्चों को सदैव सत्य, अहिंसा की राह पर चलने का संदेश सुनाया।



## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने रैली निकालकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**भौरासा।** सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में रैली निकाल कर ज्ञापन नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि गेहूं 4000 रुपए प्रति कुंटल होना चाहिए। गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि एवं अपर्याप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी के विरोध में सोमवार को 11 बजे स्थान छोटे हनुमान चौक भौरासा में कांग्रेसी एकत्रित होकर एक रैली के रूप में भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय पहुंचे। जहा पर भौरासा टप्पा तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार हर्षल बहरानी को प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी के नेतृत्व में सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर ,पार्षद भादर सिह भाटिया, पार्षद अफजल मंसूरी, पार्षद गुलरेज मदनी, अर्जुन गुर्जर मिर्जापुर ,मुकेश सोलंकी, जितेंद्र यादव, चांद भाई, पूर्व पार्षद रामेश्वर यादव, दिलीप धाकड़, उमेश धाकड़, अनिल धाकड़ आदि लोग मौजूद रहे।

### महावीर जयंती पर श्वेतांबर जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा

# किला और गंज मंदिर में श्रद्धा भक्ति के साथ श्रीजी का अभिषेक कर की शांतिधारा, पूजन

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव श्वेतांबर जैन समाज द्वारा भक्तिभाव के साथ मनाया गया। प्रातः सूर्योदय के साथ ही जैन श्रावक-श्राविकाएं सैकड़ों की संख्या में किला मंदिर एवं गंज मंदिर में दर्शनार्थ पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धा भक्ति के साथ श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा पूजन, विधान कर पुण्यार्जन किया। गंज मंदिर से मुनिश्री हर्षतिलक सूरीश्वर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। कॉलोनी चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा शोभायात्रा में शामिल पूज्य मुनिश्री हर्षतिलक सूरीश्वर महाराज की चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तदुपरांत शोभायात्रा में शामिल श्वेतांबर जैन समाज अध्यक्ष पवन सुराना, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश सुराना, कांग्रेस नेता विनीत सिंगी, पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. मीना सिंगी, चंद्रप्रकाश रांका, प्रभात धाड़ीवाल, नवनीत संचेती, राजा पारख, नगीन छाजेड़, प्रदीप धाड़ीवाल, नगीनचंद्र जैन एडव्होकेट, सचिन कोठारी, गुलाबचंद सुराना, नितीन सुराना सहित श्वेतांबर जैन समाज के सभी समाजबंधुओं का दुपट्टा डालकर स्वागत किया।

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने सभी समाजजनों को महावीर जयंती की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने सत्य, अहिंसा, त्याग, अपरिग्रह के सिद्धांतों पर चलने की शिक्षा दी थी। आज विश्व में चारों ओर युद्ध, तनाव एवं हिंसा का वातावरण निर्मित है। भगवान महावीर के सिद्धांतों का अनुसरण ही विश्व शांति के लिए इन जटिल समस्याओं का समाधान है। जैन धर्म का प्रमुख सिद्धांत जियो और जीने दो अनुकरणीय है। इस अवसर पर पार्षद एवं अखंड ब्राह्मण समाज अध्यक्ष रवि शर्मा, सर्वेश उपाध्याय, राजेश शर्मा, मनीष पालीवाल, पत्रकार दिनेश शर्मा, नवीन शर्मा, विनीत त्रिवेदी, नीलेश शर्मा, बसंत पाठक, कैलाश शर्मा, संजीव दीक्षित, सोनू शर्मा, जितेन्द्र बुदासा आदि मौजूद थे।




### भगवान महावीर स्वामी की रजत प्रतिमा बेदी का किया पूजन



आष्टा- आज जहां विश्व में विभिन्न राष्ट्र अपने हितो के लिए हिंसा के मार्गं पर उतरकर युद्ध के मैदान में हैं। राष्ट्रो एवं देश में हिसात्मक गतिविधियॉ हो रही हैं, उन्हे रोकने का एकमात्र उपाय जैन धर्म एवं भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा के सिद्धांत ही शांति की दिशा में कारगार साबित हो सकते हैं। हमें भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा के सिद्धांत का पालन करना होगा। सदियों पूर्व भगवान महावीर स्वामी ने जीओं एवं जीने दो का सिद्धांत देकर संपूर्ण मानवीय सभ्यता को अहिंसावादी होकर जीवन जीने का संदेश दिया था। विश्व को भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत पर चलना आज के समय की आवश्यकता हैं। आचार्य भगवन श्रीमद् विजयहर्ष तिलक सुरीश्वर जी महाराज साहब, मुनिराज श्री योग तिलक विजय जी महाराज साहब, मुनिराज श्री रिजु तिलक विजय महाराज साहब के सानिध्य में महावीर जयंती का जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से निकला। श्वेतांबर जैन समाज के वरिष्ठजन, युवाजन एवं महिलाऐं परम्परागत परिधान में नगर के मुख्य मार्गो से निकले। नपाध्यक्ष ने भगवान महावीर स्वामी की चांदी की प्रतिमा की आरती एवं पूजन की। श्वेतांबर समाज श्री संघ अध्यक्ष पवन सुराणा, श्री स्थानकवासी संघ अध्यक्ष लोकेंद्र बनवट का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मोहन सिंह अजनोदिया, सुरेन्द्र सिंह परमार एडवोकेट, वीरेन्द्र सिंह परमार एडवोकेट, पल्लव प्रगति एडवोकेट, शंकर बोडाना, महेश मेवाड़ा, महेश चिरौंजियाई आदि उपस्थित थे।

## नगर आगमन पर डॉ. प्रवीण तोगड़िया का किया स्वागत

### हिंदू एकता पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

डॉ. प्रवीण तोगड़िया के नगर आगमन पर सोमवार देर शाम उनका स्वागत किया गया। गड़रिया नाले पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्पमालाओं से उनका अभिनंदन किया। डॉ. तोगड़िया ने सक्रिय कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचकर उनसे सीधा संवाद किया।

संगठन की आगामी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने हिंदू समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया रात्रि विश्राम उन्होंने सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय के निवास पर कियामंगलवार सुबह प्रवास के दूसरे दिन उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय नेताओं से औपचारिक मुलाकात की इस दौरान भाजपा नेताअर्जुन मालवीय द्वारा शाल-श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया गया। बैठक में डॉ. तोगड़िया ने समसामयिक, सामाजिक विषयों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए संगठनात्मक मजबूती पर जोर दियामीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है।

इसके तहत गांव, शहर एवं मोहल्लों में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ करने का आह्वान किया गया है उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह अभियान हजारों स्थानों पर संचालित हो रहा है, जिसे लाखों तक पहुंचाने का लक्ष्य हैउन्होंने आगे बताया कि अभियान के दूसरे चरण में 50 से 100 परिवारों को जोड़कर गांव, शहर एवं कस्बों में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत किया जाएगा।

जिससे सामाजिक एकता और पारिवारिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा उन्होंने सभी हिंदुओं से एकजुट रहने का आह्वान कियाइस अवसर पर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सतीश गुप्ता,भाजपा नेता राजेश पाल, सतेन्द्र शर्मा, विशाल खत्री, पंकज जाट, सूरज सिंह सेंगर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके पश्चात डॉ. तोगड़िया नर्मदापुरम के लिए रवाना हो गए।

# पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई: 84 सिमकार्ड एक ही फोटो से जारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशन में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा डिपार्टमेंट ऑफ कम्युनिकेशन से प्राप्त फर्जी सिम के चेहरे यूनिक फेस वाले व्यक्ति एवं मिली भगत में सम्मिलित पीओएस धारक एजेंटो के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु "ऑपरेशन F.A.C.E." प्रांरभ किया गया है । जिस पर से जिला देवास में उक्त गतिविधी में संलिप्त व्यक्तियों पर पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है । जिस पर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही की गईडीओटी द्वारा वर्ष 2023 में AI आधारित Facial Recognition Tool (ASTR) के माध्यम से फर्जी मोबाइल सिम धारकों का डाटा उपलब्ध कराया गया।

विश्लेषण में पाया गया कि एक ही व्यक्ति के चेहरे यूनिक फेस का उपयोग कर 50 से अधिक मोबाइल नंबर अलग-अलग नाम एवं पते से सक्रिय किए गए। जिसमें राज्य सायबर पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदत्त डाटा के अनुसार वर्ष 2020 से 2022 के मध्य एक ही व्यक्ति के चेहरे पर कुल 84 सिम कार्ड एक्टिवेट किए गए । इनमें से अधिकांश सिम वर्तमान में अन्य व्यक्तियों के नाम पर संचालित पाए गए । टेलीकॉम कंपनी द्वारा जानकारी दी गई कि 3 वर्ष से अधिक समय से निष्क्रिय मोबाइल नंबरों के सीएफ उपलब्ध कराना संभव नहीं है। उपलब्ध 84 में से केवल 16 CAF ही प्राप्त हो सके ।जांच के दौरान स्पष्ट हुआ कि आरोपी द्वारा एक ही व्यक्ति की पहचान का दुरुपयोग करते हुए फर्जी तरीके से 84 सिम कार्ड जारी कराए गए, जिससे अवैध लाभ प्राप्त किया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर आरोपी अबरार उर्फ अरबाज उर्फ अब्दुल निवासी गंधर्वपुरी, थाना सोनकच्छ, जिला देवास एवं अन्य के विरुद्ध थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 180/30.03.2026 धारा 420 IPC,66 (C) IT Act,42(3)(e), 42(6) दूरसंचार अधिनियम 2023 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही मे यह भी पता लगाया जाएगा कि उक्त सिमकार्ड वर्तमान में किन परिस्थितियों में है।

# चैत्र नवरात्र के बाद माता टेकरी की दान पेटियां खोली गईं, श्रद्धालुओं से 13.34 लाख का मिला दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चैत्र नवरात्र के समापन के बाद सोमवार को माता टेकरी स्थित मां तुलजा भवानी और मां चामुंडा मंदिरों की दानपेटियां खोली गईं। इस दौरान दोनों मंदिरों की कुल 19 दानपेटियों की गिनती की गई।दानपेटियों से कुल 13 लाख 34 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। इसके साथ ही सिंगापुर का 2 डॉलर का नोट, 2000 रुपए के तीन और 1000 रुपए का एक पुराना नोट भी मिला। वहीं चांदी के आभूषण, एक मोती और मनोकामनाओं से जुड़े कई पत्र भी दान में प्राप्त हुए।दान राशि की गिनती की पूरी प्रक्रिया तहसीलदार सपना शर्मा की निगरानी में सुबह से शाम तक चली। गिनती के दौरान प्रशासनिक अमला भी मौजूद रहा।उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्र के दौरान माता टेकरी पर दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान बड़ी मात्रा में दान अर्पित किया गया।तहसीलदार सपना शर्मा के अनुसार, 19 दानपेटियों से कुल 13 लाख 34 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसमें सिक्के भी शामिल हैं।

# गर्भवती पत्नी की सोनोग्राफी नहीं होने पर नाराज पति ने की मारपीट, पत्नी ने लगाए दुर्व्यवहार के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अस्पताल में मारपीट और विवाद का मामला सामने आया। जिला अस्पताल के मेटरनिटी विंग में स्थित सोनोग्राफी कक्ष के सामने डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों ने मारपीट की। घटना के विरोध में अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मचारियों ने कुछ समय के लिए काम बंद कर दिया और इमरजेंसी के सामने एकत्रित होकर नारेबाजी की।

दरअसल सोमवार सुबह करीब 10 बजे अमजद शेख आनंदनगर निवासी अपनी पत्नी की सोनोग्राफी कराने के लिए अस्पताल आए थे। सोनोग्राफी सेंटर में नर्स प्रियंका जोगलेकर ने उन्हें कहा कि डिलीवरी की तारीख अभी दूर है और उन्हें 28 अप्रैल को सोनोग्राफी कराने की सलाह दी, लेकिन इसको लेकर विवाद हो गया। इस बात से अमजद शेख नाराज हो गए और विवाद करने लगे। रेडियोलॉजिस्ट डॉ. अजहर शेख कक्ष से बाहर आए और उन्होंने युवक अमजद शेख को समझाया, लेकिन अमजद ने डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी।कुछ समय तक झूमाझटकी होती रही। गार्ड और अन्य लोगों ने स्थिति को संभाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मामला शांत करवाया और अमजद को थाने ले जाया गया। डॉक्टरों ने कोतवाली थाने पहुंचकर अमजद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। मामले में अमजद की पत्नी का कहना है कि महिला डॉक्टर दी गई तारीख पर सोनोग्राफी नहीं की गई और उन्होंने हमारे साथ दुर्व्यवहार किया।कोतवाली थाना प्रभारी श्यामचंद्र शर्मा ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जांच की जा रही है।

### बिजली दरों और गैस सिलेंडर पर बढ़ोतरी के विरोध में शहर कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

# नारेबाजी कर कांग्रेस ने मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महंगाई के विरोध में शहर कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम डिप्टी कलेक्टर आनंद मालवीय को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बिजली दरों में 4.80% वृद्धि तथा गैस सिलेंडर के दाम में 60 रुपये बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की गई। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने पहले गैस सिलेंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए, इसके बाद प्रदेश सरकार ने लगभग सवा करोड़ बिजली उपभोक्ताओं पर 4.80% की वृद्धि का बोझ डाल दिया।

नए टैरिफ के अनुसार छोटे उपभोक्ताओं को हर महीने लगभग 85 रुपये अतिरिक्त देने होंगे, जबकि 500 यूनिट खपत करने वालों पर करीब 213 रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पहले से ही गैस, पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण आम जनता परेशान है और महंगाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि करना आम नागरिकों के हित में नहीं है। प्रयास गौतम ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार से त्रस्त हो चुकी है। महंगाई के कारण लोगों का जीवन कठिन होता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही बढ़ी हुई बिजली दरें और गैस सिलेंडर के दाम वापस नहीं लिए, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय और प्रदीप चौधरी ने भी संबोधित किया तथा बढ़ी हुई दरों की निंदा करते हुए उन्हें शीघ्र वापस लेने की मांग की। इस दौरान रेखा वर्मा, नजर शेख, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, जाहिद पठान, सुजीत सांगते, रितेश त्रिपाठी, दीपेश कानूनगो, नरेंद्र यादव, प्यारे मियां पठान, महेंद्र घारू, जितेंद्र सिंह गौड़, अनिल गोस्वामी, रूपेश कल्याने, प्रतीक शास्त्री,धीरज कल्याने, हरीश गजधर, दिलीप परमार, नईम अहमद, हिम्मत सिंह चावड़ा, साधना प्रजापति, राजा पडियार, अविनाश जेठवा, अजय सिंह रघुवंशी, शाहिद मोदी, चंद्रपाल सिंह, छोटू, रईस कामदार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## 11 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

कमलापुर पुलिस ने मारपीट संबंधी प्रकरण में 11 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि ऑपरेशन हवालात के तहत बागली एसडीओपी संजय सिंह बैस के मार्गदर्शन में लंबे समय से फरार इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया जा रहा है। मीणा ने बताया कि इसी कड़ी में 25 आर्म्स एक्ट का आरोपी जितेंद्र पिता देवीलाल उम्र 22 निवासी मातमौर थाना कमलापुर लगभग 11 वर्ष से लगातार पुलिस गिरफ्त से दूर चल रहा था।

ऑपरेशन हवालात के तहत विशेष टीम गठित कर मुखबिर कि सूचना के आधार पर फरार स्थाई वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर बागली न्यायालय पेश किया गया।